# सतना-चित्रकूट मार्ग पर सक्रिय हुए लुटेरे ...

## गुजर रहे वाहनों पर औजार फेंक की रोकने की कोशिश



नवभारत न्यूज

**सतना 29 दिसंबर. पड़ोसी राज्य की सीमा से सटे जिले के तराई अंचल में चरवाहों को घायल कर उनकी बकरियां लूट लिए जाने की घटनाएं अभी सुर्खियां बटोर ही रहीं थीं कि अब सतना-चित्रकुट मुख्य मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगने लगे हैं. राज्य मार्ग पर अचानक सक्रिय हुद कुछ लुटेरों ने वहां से गुजरने वाले वाहनों पर औजार फेंक कर उन्हें रोकने की कोशिशें शुरु कर दी हैं.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के मझगवां क्षेत्र के निवासी एक व्यापारी सतना से वापस लौट रहे थे.

रात के लगभग 9 बजे जैसे ही वे मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत थारी पाथर से भरगना मोड़ के बीच पहुंचे वैसे ही वहां पर मौजूद अज्ञाम हमलवारों ने उनके वाहन पर सरिया फेंककर हमला किया. अचानक सरिया के हमले के चलते व्यापारी घबरा गए. इसी दौरान कुछ लोगों ने उनका वाहल रुकवाने का प्रयास किया. लेकिन मौके की नजाकत को भांपते हुए उन्होंने अपना वाहन नहीं रोका और गति बढ़ाते हुए किसी तरह वहां से निकल गए. बताया गया कि लुटेरे किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे. इसी कड़ी में बदमाशों द्वारा रास्ते से होकर गुजर रहे वाहनों पर औजार फेंककर उन्हें रोकने की कोशिश की जा रही थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस फौरन सक्रिय हो गई और सर्चिंग शुरु कर दी गई.

# घर में आग लगाने वाले को पुलिस ने दबोचा

## पिछले 4 दिनों से दे रहा था पुलिस को चकमा

नवभारत न्यूज

**सतना 29 दिसंबर. पारिवारिक विवाद से आक्रोशित होकर आरोपी ने घर को आग के हवाले कर दिया. यह तो गनीमत रही कि जानमाल का नुकसान नहीं हुआ. वहीं घटना को अंजाम देने के 4 दिनों बाद तक छिपते आ रहे आरोपी को तक पुलिस ने सोमवार को दबोच लिया.**

मैहर जिले के अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ककरा निवासी फुल्ली सिंगरहा द्वारा शिकायत की गई थी. फुल्ली ने पुलिस को बताया कि 24 दिसंबर की शाम लगभग 7 बजे उनके नाती-दामाद दीपक सिंगरहा ने घरेलू विवाद को लेकर नातिन राजकुमारी के साथ विवाद व गाली-गलौच की. जिसके बाद वह वह बच्चों सहित बहू पार्वती के घर जाकर सो गया. लेकिन रात के लगभग 12:30 बजे दीपक सिंगरहा एक बार फिर घर के सामने आकर गालियां देने लगा. इतना ही नहीं बल्कि दीपक ने जान से मारने की धमकी देते हुए घर में आग लगा दी. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वाराद आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु की. लेकिन 4 दिनों तक आरोपी पुलिस को छकाता रहा. वहीं सोमवार को मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे दबोचते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.



# हर्रई स्कूल परिसर में 15 फीट का अजगर निकला, दहशत का माहौल

नवभारत न्यूज

**सतना/मैहर, 29 दिसम्बर. मैहर जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हर्रई के परिसर में लगभग 15 फीट लंबे अजगर के देखे जाने से स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों में दहशत का माहौल बन गया है। अजगर की सूचना तत्काल रामनगर प्रशासन एवं वन विभाग को दी गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।**

विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि संबंधित विभागों को कई बार फोन के माध्यम से अवगत कराया गया, इसके बावजूद न तो प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और न ही अजगर को पकड़ने की कार्रवाई हो पाई है।

स्कूल परिसर में विद्यार्थियों की नियमित आवाजाही बनी हुई है, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है।विद्यालय संस्था प्रमुख ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी वरिष्ठ कार्यालय एवं संबंधित प्रशासन की होगी। वहीं स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने भी प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अजगर को सुरक्षित पकड़वाने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# अटरा में पीट-पीट कर हत्या करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

## फरार 3 आरोपियों की तलाश जारी, नागौद पुलिस ने की कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**सतना 29 दिसंबर. जिले के नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत अटरा गांव में पीट-पीट कर हत्या कर दिए जाने की 2 दिन पुरानी घटना के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. जबकि इस मामले में फरार 3 आरोपियों की तलाश की जा रही है.**

नागौद थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय से मिली जानकारी के अनुसार द्वारिका प्रसाद पटेल और प्रहलाद सिंह मुडहा खेत में महुआ के पेड़ के नीचे बैठकर आग ताप रहे थे. 26 दिसंबर की रात लगभग 10 बजे वहां अचानक पंकज सिंह पहुंच गया. पंकज ने देखते ही देखते द्वारिका के साथ विवाद करते हुए गाली-गलौच देनी शुरु कर दी. इसी दौरान पंकज ने फोन कर लगभग दर्जन भर लोगों को वहां बुला लिया. लाठी, रॉड, हथौड़ा और कुल्हाड़ी जैसे हथियारों के साथ उन लोगों ने द्वारिका को मारना शुरु कर दिया. यह देख वीरेंद्र, नत्थू और राहुल बीच बचाव करने के लिए वहां आए. लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बक्शा. द्वारिका के साथ गंभीर तौर पर मारपीट करने के बाद सभी धमकाते हुए वहां से चले गए. जिसके फौरन बाद द्वारिका को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सतना लाया गया. लेकिन उपचार के दौरान द्वारिका की मृत्यु हो गई. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा 296 115 118 103 191 190 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरु की.

### पकड़े गये आरोपी

इसी कड़ी में सोमवार को हत्या के 8 आरोपियों खुशीराम सिंह 60 वर्ष, कुशमेंद्र सिंह 46 वर्ष, लवकुश उर्फ हरिया सिंह 26 वर्ष, अनिल सिंह 20 वर्ष, कुंजीलाल सिंह 46 वर्ष, रामदुलारे सिंह 49 वर्ष, संदीप सिंह 19 वर्ष और हर्षित तिवारी 20 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया. पकड़े गए आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त हथियार भी जब्त कर लिया गया. जबकि घटना में शामिल रहे 3 फरार आरोपियों पंकज सिंह, अमित सिंह और अंकित सिंह की सरगर्मी से तलाश की जा रही है.

# छह साल पुराने मामले में दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

नवभारत न्यूज

**सतना 29 दिसंबर. घर में अकेली ममेरी बहन को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सतना के न्यायालय द्वारा 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई.**

अभियोजन से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़िया टोला का बताया गया. 5 अक्टूबर 2019 को पीड़िता द्वारा इस बात की शिकायत की गई कि उसके मामा का लड़का इरफान खान पिता इरशाद उम्र 32 वर्ष निवासी भटिया मोहल्ला कैमोर जिला कटनी जुलाई 2019 में उसके घर आया था. उस दौरान वह घर में अकेली थी. लिहाजा अकेलेपन का फायदा उठाकर इरफान ने शादी का झांसा देते हुए जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए. जब परिजन वापस लौटे तो पीड़िता द्वारा उन्हें यह जानकारी दी गई. जिसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत की गई. पुलिस द्वारा धारा 376 354 323 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी इरफान को गिरफ्तार कर लिया गया. जिसके बाद न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया. लंबी चली सुनवाई और उभपक्षों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य व तर्क पर विचार करने के बाद न्यायालय द्वारा आरोपी इरफान को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई. इसके साथ ही आरोपी के विरुद्ध 20 हजार रु का अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया गया.



# पार्किंग को लेकर विवाद

नवभारत न्यूज

**सतना/मैहर, 29 दिसम्बर. माँ शारदा देवी धाम परिसर की पार्किंग में पैसे को लेकर हुए विवाद का मामला सामने आया है। मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे एक स्थानीय व्यक्ति का पार्किंग में तैनात कर्मचारियों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज अब सामने आया है।**

घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद मामला प्रशासन के संज्ञान में आया। जानकारी के अनुसार पहले पार्किंग कर्मचारियों द्वारा कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया गया, जिसके बाद वाहन में सवार कुछ लोगों ने उतरकर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन विवाद कुछ देर तक चलता रहा। बताया जा रहा है कि स्थिति बिगड़ने पर वाहन चालक ने गाड़ी से उतरकर पार्किंग कर्मचारी को समझाने की कोशिश की, इस दौरान आपसी धक्का-मुक्की और मारपीट की स्थिति बन गई। इसके बाद सभी लोग वहां से चले गए। वहीं पार्किंग संचालन पक्ष द्वारा माँ शारदा मंदिर चौकी में आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

# अमरपाटन क्षेत्र में नाबालिगों से कराई जा रही अवैध शराब बिक्री, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**सतना/मैहर, 29 दिसम्बर. जिले के अमरपाटन एवं ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरी ताल आश्रम, मानस पीठ आश्रम और पोंडी धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास अवैध शराब की खुलेआम बिक्री का मामला सामने आया है।**

आरोप है कि शराब पैकारी में लिप्त लोग नाबालिग बच्चों से शराब बिकवा रहे हैं, जिससे साधु-संतों सहित आम नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों के अनुसार शराब के नशे में आए दिन विवाद और आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। शाम होते ही खजुरी ताल के आसपास नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे आमजन का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस मामले में रीवा आईजी द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं, इसके बावजूद खजुरी ताल क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार जारी होने के आरोप लग रहे हैं। नाबालिगों से शराब बिक्री कराए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



इस संबंध में अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर चुकी है। पूछताछ के दौरान संबंधित महिला ने वीडियो को पुराना बताया है। उन्होंने बताया कि उक्त घर में एक विधवा महिला और उसकी बच्ची रहती है तथा जांच के दौरान मौके से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# द बुद्धाज भूमि के नेतृत्व में 1 जनवरी को देहदान - नेत्रदान समारोह



नवभारत न्यूज

**सतना, 29 दिसम्बर. द बुद्धाज भूमि के तत्वावधान में आगामी 1 जनवरी 2026 ( गुरुवार ) को दोपहर 12 बजे स्थानीय बौद्ध तिराहा, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, सतना में सर्वोच्च दान दू देहदान एवं नेत्रदान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।**

इस अवसर पर समाज के सामाजिक, बौद्धिक एवं जागरूक नागरिकों द्वारा मानवीय पहल के अंतर्गत देहदान एवं नेत्रदान का संकल्प लिया गया है। देहदान एवं नेत्रदान करने वालों में शिवाकांत कुशवाहा श्रीमती प्रतिमा कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, सत्यसाई डिजिटल स्टूडियो, उतैली, महेन्द्र वर्धन सिद्धार्थ, अनिल कुशवाहा, शांति जायसवाल, अशोक जायसवाल, आर. एस. जायसवाल, महालक्ष्मी जायसवाल, सुरेश जायसवाल, दीपेंद्र जायसवाल, विमला जायसवाल, एडवोकेट के. पी. पाल एवं पत्नी श्रीमती साधना पाल, रंजीत प्रजापति, अशोक कुशवाहा एवं पत्नी श्रीमती कमला कुशवाहा, सोनू पाल, रामलखन कुशवाहा, पंकज सेन, अशोक कुशवाहा, रामसखा कुशवाहा, गुड़िया कुशवाहा, रमेश कुशवाहा (लाला), अशोक कुशवाहा, श्री कल्लू साहू, श्री रामस्वरूप साहू, श्रीमती फूलकुमारी साहू, एडवोकेट प्रकाश वर्मा, दीपचंद जायसवाल एवं पत्नी श्रीमती आरती जायसवाल, श्रीमती पार्वती जायसवाल, राजकुमार सिंह एवं पत्नी श्रीमती लीला सिंह, अखिलेश कुशवाहा शामिल हैं।

# केंद्रीय जेल में बंदियों को बांटी गई गीता

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 दिसम्बर. केन्द्रीय जेल सतना में सोमवार को इस्कान मंदिर सतना के सौजन्य से व श्रीमती लीना कोष्टा जेल अधीक्षक के समन्वयन से सामाजिक उत्तर दायित्व के अन्तर्गत श्रीमद्भगवद्गीता ( यथारूप ) का वितरण किया गया।**

इस्कान मंदिर सतना द्वारा केन्द्रीय जेल सतना में निरूद्ध बंदियों को श्रीमद्भगवद् गीता (यथारूप) का वितरण किया गया एवं इस्कान मंदिर सतना के मंहत पदमामाली दास एवं सनत कुमार दास द्वारा श्रीमदभगवद् गीता का महत्व बंदियो को अवगत कराया गया एवं बंदी भाइयों से आहवान किया गया कि श्रीमद्भगवद् गीता का नियमित रूप से पाठ करने से सारे पापमुक्त हो जाते है एवं मनुष्य इस भवसागर से पार हो जाता है। जेल अधीक्षक द्वारा इस्कान मंदिर सतना से आये हुये मंहतो का आभार प्रकट किया गया।

### एक नजर में



#### कोटर में 14 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण

**सतना.** नगर परिषद कोटर में आयोजित 14 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को बेसिक प्लम्बिंग, वाटर मीटर रीडिंग आवश्यक उपकरणों के उपयोग तथा प्लम्बिंग प्रणाली की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने अर्जित कौशल का प्रदर्शन कर प्रशिक्षण के सकारात्मक परिणामों को प्रस्तुत किया।

#### डॉ. पाण्डेय वाइस चेयरमैन नामांकित

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीहर पाण्डेय को आईईईई चैप्टर 2026 में वाइस चेयरमैन इंडस्ट्री के प्रतिष्ठित पद के लिए नामित किया गया है। डॉ.श्रीहर पाण्डेय शिक्षण,शोध एवं उद्योगङ्कशैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहे हैं।उनका यह नामांकन न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि एकेएस विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता,शोध आईईईई एमपी पावर एनर्जी समिति चैप्टर अभिमुखता एवं उद्योग से मजबूत जुड़ाव को भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करता है।





#### अकेडमिक हाइट्स में स्वरंग महोत्सव का समापन

**सतना.** अकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल, सतना में दिनांक 26, 27 एवं 28 दिसंबर 2025 को आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक समारोह का भव्य एवं सफल समापन हुआ। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ऑर्केस्ट्रा एवं गणेश वंदना से किया गया। इसके पश्चात भाषण, शास्त्रीय, अर्धशास्त्रीय एवं लोक नृत्य सहित अनेक रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रमों की श्रृंखला में काली नृत्य, रामायण नृत्य, अर्धनारीश्वर नृत्य, कथक नृत्य, लोक नृत्य, स्किट तथा 'द्रौपदी चीरहरण' जैसे प्रभावशाली मंचन शामिल रहे।



# अतीत की विरासत से ही वर्तमान मजबूत होता है : ताम्रकार

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 दिसम्बर. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में हिंदी विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा अंतर्गत महाविद्यालय में प्रभु राम के वनवास कालीन प्रसंग पर विविध प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि योगेश ताम्रकार महापौर सतना, विशिष्ट अतिथि मणिकांत माहेश्वरी अध्यक्ष संस्कार भारती महाकौशल प्रांत एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के पाण्डेय ने मां वीणापाणि का पूजन अर्चन दीप प्रज्वलन कर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के पाण्डेय ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि प्रभु राम का चरित्र राष्ट्र मंगल करने वाला है। हिंदी विभाग के प्राध्यापक प्रो. रमाकांत सिंह ने विषय प्रवर्तन करते प्रभु राम के चित्रकूट प्रवास एवं महात्म पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि मणिकांत माहेश्वरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति के संस्कारों में प्रभु राम की गहरी छाप है। मुख्य अतिथि योगेश ने कहा कि अतीत की विरासत से ही वर्तमान मजबूत होता है। अत: राम काज कीन्हें बिना मोहि कहां विश्राम की भावना से कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो विक्रम द्विवेदी ने किया।

# नर्मदा जल लाओ संघर्ष समिति ने व्यक्त की प्रसन्नता

**सतना, 29 दिसम्बर.** नर्मदा जल लाओ संघर्ष समिति बरगी टनल कार्य मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल सुनिश्चित हो तो प्रसन्नता होगी. यह बात नर्मदा जल सतना लाओ संघर्ष समिति के सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने एक बार पुन: कहा कि इस्लीमनावाद बरगी टनल निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण नर्मदा जल के सतना आने में विलम्ब हो रहा है जिसकी प्रतीक्षा जिले के निवासी लम्बे समय से कर रहे हैं.



# बांधवगढ़ कॉलोनी में सनगोल्ड लग्जरी कॉम्पलेक्स का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**सतना, 29 दिसम्बर. स्थानीय बांधवगढ़ कॉलोनी में सांसद गणेश सिंह ने उद्योगपति पवन अहलूवालिया द्वारा बनवाए गए सनगोल्ड लग्जरी काम्पलेक्स का फीता काटकर उद्घाटन किया । सांसद श्री सिंह ने इस परिसर में निर्मित तीन स्पोर्ट्स कोर्ट्स का भी शुभारंभ किया।**

सतना शहर में यह पहली बार है जब यहां अभ्यास के लिए क्रिकेट कोर्ट, पैडल बॉल कोर्ट एवं पिकल बॉल कोर्ट निर्मित हुए हैं । सांसद गणेश सिंह ने अपने संबोधन में शहर में खेल गतिविधियों में सक्रियता व सहयोग के लिए केजेएस सीमेंट के चेयरमैन पवन अहलूवालिया की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# प्रिज्म स्कूल में वार्षिक खेलोत्सव सोल्लास आयोजित




नवभारत न्यूज

**सतना, 29 दिसम्बर. भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल के प्रांगण में विद्यालय का वार्षिक क्री?ा समारोह शनिवार दिनांक 27 दिसंबर 2025 को आयोजित हुआ।**

इस समारोह के मुख्य अतिथि मनीष कुमार सिंह, प्रेसीडेंट एवं हेड प्लांट, प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड ने खेलोत्सव को अपनी गरिमामय उपस्थिति से अलंकृत किया। अन्य गणमान्य अतिथियों में श्रीमती सुनीता सिंह तथा कर्नल (रिटायर्ड) मनीष प्रसाद रहे। स्कूल पायलट यश पाण्ड्ेय एवं आरिफ घरामी कक्षा 9वीं अतिथिगणों को ससम्मान क्रीडा परिसर तक लेकर गए। अतिथिगणो का स्वागत शाला प्राचार्य डॉ. आर. गोस्वामी ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। मुख्य अतिथि मनीष कुमार सिंह ने शांति के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोडकर समारोह का शुभारंभ किया।